Title: Need to Sanction Pension to Freedom Fighters of Goa.

श्री बीर सिंह महतो (पुरुलिया) : सभापति महोदय, इस सदन में कई बार चर्चा होने के बाद भी अभी तक गोवा के स्वतंत्रता सेनानियों को स्वतंत्रता सैनानी सम्मान पेंशन नहीं मिल पाई है। आजादी के बाद भी गोवा विदेशियों के कब्जे में था परन्तु इन स्वतंत्रता सैनानियों ने गोवा की आजादी के लिए अपना परिवार और अपनी सम्पत्ति की परवाह न करके गोवा को भारत से जोड़ने का काम किया था। इस सम्बन्ध में गोवा सरकार से प्रतिवेदन मिला है। जब गोवा महाराट्र का भाग था तो उस समय महाराट्र सरकार ने इसके लिए केन्द्र सरकार से अनुरोध किया था।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि गोवा के स्वतंत्रता सैनानियों के स्वतंत्रता सैनानी पेंशन के लंबित मामलों को तत्काल निपटाया जाये और उन्हें तत्काल पेंशन की सुविधा दी जाये।